1	2	3	4
27	Laboratory attendant		2
28	Senior Sanitary Inspector		1
29	Asstt. Surgeon Gr. II	1	2
30	Bearer		2
31	Cook Bearer		5
32	Sanitary Inspector		1
33	Gauge Reader	1	7
34	Superintendent (E&M) Challandar	3	9
35		1	2

Statement showing the sanctioned Permanent and Temporary Posts as on 28-10-1983

S.	Categorised No.	Total No. of posts as on 28-10-1983
1	Librarian	1
2	Asstt. Librarian	There is no post
3	Fire Suptd.	1
4	Fire Officer	There is no post
5	Cinema Operator	There is no post
6	Jr. Gestetner Operator	1

लेवी सीमेंट का आवंटन

2415. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली लाइसेंसिंग एण्ड कंट्रोल आर्डर, 1982 के फार्म "बी" के निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार, सीमेंट के सभी स्टाकधारियों को, जिनके पास खाद्य और नागरिक पूर्ति विभाग, दिल्ली प्रशासन का सीमेंट लाइसस है, सीमेंट की अपनी सप्लाई अनुपात में मिलेगी ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि केवल बड़े स्टाकधारियों को ही पिछले तीन वर्षों से लेवी सीमेंट प्राप्त हो रहा है जो उपर्युक्त आर्डर का उल्लंघन है ;

(ग) मैसर्स जे. के. सीमेंट वर्क्स ने गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार, किस-किस स्टाकधारी को कितना-कितना लेवी सीमेंट वितरित किया ;

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "हां" हो, तो क्या सरकार ने इस संबंध में उपर्युक्त कंपनी

के खिलाफ कोई कार्यवाही की है ; और

(ङ) यदि हां, तो की गई कार्यवाही का ब्योरा क्या है ; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी०एल० बैठा) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) विभिन्न स्टाकिस्टों को सीमेंट का आबंटन/वितरण, लाइसेंस-धारियों/उत्पादकों, विक्रय एजेन्टों/वितरकों द्वारा, स्टाकिस्टों की वित्तीय स्थिति, भंडारण क्षमता, लेवी सीमेंट का व्यापार करने की इच्छा आदि को ध्यान में रखते हुए स्वयं किया जाता है ।

दिल्ली प्रशासन के अनुसार वे सीमेंट कंपनियों द्वारा अपने स्टाकिस्टों को किए जाने वाले सीमेंट के वितरण को मानीटर नहीं करते हैं ।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठते ।

एल०पी०जी० सिलेण्डरों की डिलीवरी देने वाले मजदूरों द्वारा हड़ताल

2416. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में, विशेषकर पूर्वी दिल्ली में, एल०पी०जी० सिलेंडरों की डिलीवरी देने वाले मजदूर गत तीन वर्षों के दौरान अनेक बार अपनी मांगों पर जोर देने के लिए हड़ताल पर गये हैं और उनकी हड़ताल अभी भी जारी है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगों का ब्योरा क्या है ; और

(ग) क्या इस प्रकार की स्थिति से बचने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) से (ग) दिल्ली प्रशासन, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन समुचित प्राधिकरण है, से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वी दिल्ली के डीलरों के पास कार्यरत एल०पी०जी० सिलेण्डरों की डिलीवरी देने वाले कर्मकारों ने अल्प-कालीन छुटपुट हड़तालें की हैं । वर्ष 1987 में, एल०पी०जी० इम्पलाईज एसोसिएशन, नई दिल्ली ने उपभोक्ताओं के लिए सिलेण्डरों की डिलीवरी दरों में वृद्धि करने, गैस सिलेण्डरों की डिलीवरी के लिए साइकिल या रिक्शा भत्ता अदा करने और डिलीवरी कर्मकारों के लिए प्रतिवर्ष चार जोड़े वर्दी की व्यवस्था करने से संबंधित मुख्य मांगों को लेकर कर्मकारों की ओर से औद्योगिक विवाद उठाया था जिसमें पूर्वी दिल्ली के नौ डीलर शामिल थे । चूंकि मामले को निपटाने के लिए संराधन कार्यवाही असफल रही, विवादों को न्यायनिर्णयन हेतु निर्दिष्ट कर दिया गया है । दिल्ली प्रशासन दिल्ली में एल०पी०जी० डीलरों के प्रतिष्ठानों को लागू होने वाले दिल्ली दुकान व प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954 तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के संगत उपबन्धों के अधीन कर्मकारों की शिकायतें दूर करने के लिए उचित कार्रवाई करता है ।

Check on the quality and quantity of packed foodstuff

2417. SHRI SUNIL KUMAR PATTNAIK: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether there is any check on the quality and quantity being supplied by the big business houses selling packed pure Ghee which is underweight; and

(b) whether it is also a fact that insects were found in the baby milk powder product of Dalmia Dairy Industries Limited, Ghana Bye Pass Road, Bharatpur (Rajasthan?